नव भारत
राष्ट्र हित का प्रहरी १९३४ से

5 हरियाणा में इंडिया गठबंधन टूटा



6 अब भी 11 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे



7 कबाड़ पर आयात शुल्क हटाए सरकार

8 रोहित वनडे सीरीज में करेंगे कप्तानी

नीट परिणाम को लेकर सुप्रीम फैसला

04 मेडिकल छात्र पटना एम्स के सीबीआई की हिरासत में | **12** तक विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम बिना पहचान उजागर किए घोषित करे | **12** बजे तक शनिवार को परीक्षा परिणाम वेबसाइट पर डालें

पटना, 18 जुलाई. सीबीआई ने पेपर लीक मामले में एम्स पटना से चार छात्रों को हिरासत में लिया है. इन सभी से पूछताछ की जा रही है. डॉक्टर्स के तार नीट पेपर लीक मामले से जुड़े थे. सीबीआई ने इनका कमरा सील कर फोन और लैपटॉप को जब्त कर लिया है. सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को होने वाली सुनवाई से पहले सीबीआई द्वारा की गई यह एक अहम गिरफ्तारी है. इनसे पूछताछ में कई राज खुल सकते हैं. इसके पहले जानकारी सामने आई थी कि, डॉक्टर्स को गिरफ्तार किया गया है लेकिन एम्स के कार्यकारी निदेशक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार चारों छात्र हैं.

पूछताछ करने की सूचना, पर उठाकर ले गए

निदेशक डॉ. गोपाल कृष्ण पाल ने बताया कि बुधवार को सीबीआई टीम ने चार छात्रों के नाम व फोटो मुहैया कराते हुए इनसे पूछताछ करने की बात कही थी. दोपहर को जब हम डीन एकेडमिक डॉ. उमेश भदानी व ओएसडी डॉ. अनिल कुमार के साथ वार्षिक समारोह की तैयारियों के लिए छात्रावास व कैफेटेरिया का निरीक्षण कर रहे थे, तभी सीबीआई टीम आई. इन चार छात्रों को गिरफ्तार किया गया है उनमें चंदन सिंह, राहुल आनंद, करण जैन और कुमार सानू शामिल हैं. चंदन सिंह सीवान (बिहार) के निवासी हैं, कुमार सानू पटना (बिहार) के निवासी हैं, राहुल आनंद वास्तव में धनबाद (झारखंड) के हैं, लेकिन अब पटना में रहते हैं और कारा जैन अररिया (बिहार) के हैं.

ये डॉक्टर्स पेपर सॉल्वर गैंग के सदस्य हो सकते

सूत्रों के अनुसार ये डॉक्टर्स पेपर सॉल्वर गैंग के सदस्य हो सकते हैं. पेपर लीक मामले में सीबीआई पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है जिसके तहत नीट यूजी परीक्षा के पेपर लीक किये गए. पिछले दिनों सीबीआई ने पंकज नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया था. पंकज के तार हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल से जुड़े थे. ट्रक से पेपर चुराने में भी पंकज का ही हाथ था.

नीट-यूजी में धांधली को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को निर्देश दिया कि वह स्नातक स्तर के मेडिकल एवं अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पांच मई को अपनी ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) 2024 के सभी परीक्षा केंद्रों के अलग-अलग परिणाम बिना संबंधित विद्यार्थियों की पहचान उजागर किए शनिवार दिन के 12 तक घोषित कर दे. मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बड़े पैमाने पर कथित कदाचार और अन्य अनियमितताओं के कारण नीट-यूजी 2024 रद्द कर दोबारा परीक्षा कराने की मांग समेत अन्य याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की घंटों दलीलें सुनने के बाद यह निर्देश दिया. अदालत ने याचिकाकर्ताओं, एनटीए और केंद्र सरकार की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनीं. न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की पीठ ने नीट यूजी आयोजित करने वाली संस्था एनटीए से शुरू में कहा कि वह शुक्रवार शाम पांच बजे तक परीक्षा परिणाम अपने वेबसाइट पर अपलोड कर दे. इसके बाद एनटीए के वकील ने अदालत से अनुरोध किया कि परीक्षा परिणाम घोषित करने के लिए अतिरिक्त समय दिया जाए.

एक नजर में

अजित पवार का साथ छोड़ेगी बीजेपी?

मुंबई. शरदचंद्र पवार के प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने दावा किया कि भाजपा अजित पवार गुट से महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन छोड़ने को कह रही है. क्रैस्टो ने (17 जुलाई) को आरएसएस से जुड़ी एक मराठी साप्ताहिक मैगजीन में छपी रिपोर्ट के हवाले से ये बयान दिया है. क्रैस्टो ने कहा, भाजपा को एहसास हो गया है कि अजित पवार के साथ गठबंधन में पार्टी चुनाव नहीं जीत सकती है. रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में एनसीपी के साथ गठबंधन के बाद से ही जनता की भावनाएं भाजपा के खिलाफ तेजी से बढ़ी.

परमिशन के बिना सीबीआई जांच नहीं

भोपाल। सीबीआई को अब मध्य प्रदेश में जांच के लिए राज्य सरकार से अनुमति लेनी होगी। साथ ही सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों के अपराधिक मामले की जांच के लिए उन्हीने राज्य सरकार की अनुमति की जरुरत होगी। बिना लिखित अनुमति के बिना वे जांच नहीं कर सकेंगे। राज्य सरकार ने दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम की धारा 3 की शक्तियों का उपयोग किया है। जिसके बाद गृह विभाग ने गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

चांदीपुरा वायरस, 4 और बच्चों की जान गई

राजकोट. लोग अभी कोरोना वायरस के प्रकोप को भूले भी नहीं थे कि एक और नए वायरस ने चिंताएं बढ़ा दी हैं. गुजरात में चांदीपुरा वायरस से संक्रमित मरीजों के मामले बढ़ते जा रहे हैं. गुरुवार को राजकोट में 3 और पंचमहल जिले में 1 बच्चे की मौत हो गई. इससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है. राज्य में अभी तक चांदीपुरा वायरस के 31 संदिग्ध केस सामने आए है. सबसे ज्यादा मामले साबरकांठा और अरावली में मिले हैं जहां 4-4 लोग चांदीपुरा से संक्रमित पाए गए.

विधायक और व्यापारियों पर ईडी का छापा

महेंद्रगढ़. हरियाणा के महेंद्रगढ़ से कांग्रेस विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी राव दान सिंह के घर ईडी ने गुरुवार सुबह चार बजे छापामारी की कार्रवाई की है। ईडी की टीम राव दान सिंह के शंकर कॉलोनी स्थित भाई राव रामकुमार के घर और रेवाड़ी रोड स्थित फॉर्म हाउस पर पहुंची। दोनों जगह सुरक्षा बल तैनात किया गया है। ईडी ने 1,392 करोड़ के बैंक घोटाले के केस में पांच शहरों में 15 ठिकानों पर दबिश दी है.

बिना फास्टैग लगे वाहनों से वसूलेगा दोगुना टोल

नयी दिल्ली. राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन के अगले शीशे पर फास्टैग नहीं लगाने वालों के लिए कड़ा रुख अपनाते हुए सभी टोल प्लाजा को दिशा निर्देश जारी करके कहा है कि शीशे पर अंदर से फास्टैग चिपकाए बिना टोल प्लाजा की लेन में आने वाले वाहनों से दोगुना टोलटैक्स वसूला जाएगा. राजमार्ग मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि कुछ लोग जानबूझकर विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं लगाते हैं.

10 हजार पद भरेगी सरकार

- डॉ मोहन सरकार ने कैबिनेट बैठक में लिए कई फैसले
- बैकलॉग पदों को भरने का समय एक वर्ष और बढ़ाया

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 18 जुलाई. मध्यप्रदेश में बैकलॉग के 10 हजार खाली पदों को भरने के लिए सरकार ने एक वर्ष का समय और तय किया है. दरअसल अजा, जजा, अन्य पिछड़ा वर्ग और नि:शक्तजन के खाली पदों को भरने के लिए राज्य सरकार विशेष भर्ती अभियान चला रही है.

ऐसे में अब कैबिनेट ने एक बार फिर एक जुलाई 2024 से 30 जून 2025 की अवधि तक के लिए समय-सीमा बढ़ा दी है.

महत्वपूर्ण निर्णय

आठ करोड़ से सार्वजिक वितरण प्रणाली होगी आधुनिक
क्लाउड सेवाएं के लिए आईटी कंपनियों होगी अधिकृत
रामसर साइट के प्रबंधन के लिए 61 करोड़
शासकीय सेवाओं और पेंशनरों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी

एमपीएसईडीसी से विभागों को क्लाउड सेवाएं देने से विभागों के द्वारा सीधे सेवाएं क्रय करने, डेटा सेंटर स्थापित करने और स्वयं क्लाउड सेवाओं को प्राप्त करने में होने वाले व्यय में बचत होगी. पूरे राज्य में एक केन्द्रीकृत संस्था द्वारा ये व्यवस्था करने से इकॉनॉमी ऑफ स्केल के कारण कुल व्यय में बचत होगी.

अब हितग्राहियों का डाटा स्टोर करेगी सरकार

इधर कैबिनेट ने विभागों को सुविधाजनक तरीके से क्लाउड सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए मप्र क्लाउड पॉलिसी-2024 को हरी झंडी दे दी है. इस निर्णय से अब निजी आईटी कंपनियों के माध्यम से राज्य सरकार हितग्राहियों का डाटा स्टोर करेगी. ये डाटा भी दो तरह का रहेगा, एक सामान्य, जो कि सभी के लिए उपलब्ध हो सकेगा, वहीं दूसरा संवेदनशील होगा, जो राज्य सरकार की निगरानी के अधीन रहेगा. इस निर्णय से म.प्र. राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) के माध्यम से केंद्रीयकृत रूप से विभागों को क्लाउड सेवाएं उपलब्ध कराई जायेंगी एवं क्लाउड सेवाओं के भुगतान के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग को बजट उपलब्ध कराया जाएगा.

ट्रेनी आईएएस पूजा की मां गिरफ्तार

पुणे, 18 जुलाई. आईएएस पूजा खेडकर का नाम आजकल काफी सुर्खियों में हैं. उनकी नियुक्ति को लेकर देशभर में घमासान मचा हुआ है. अब इस मामले में एक और नया पहलू सामने आया है. उनकी मां मनोरमा खेडकर को गुरुवार सुबह पुणे पुलिस ने हिरासत में लिया. उसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया. दरअसल, मनोरमा के खिलाफ एक स्थानीय किसान को धमकी देने का आरोप लगा है. उनके खिलाफ पुणे पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है. पुलिस ने पूजा की मां मनोरमा खेडकर के खिलाफ यह कार्रवाई भूमि विवाद को लेकर बंदूक लहराकर कुछ लोगों को धमकाने के आरोप में की है.

कुपवाड़ा मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

श्रीनगर, 18 जुलाई (वार्ता) सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में गुरुवार को नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया.

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इलाके में घुसपैठ की खुफिया सूचना के आधार पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा था. तलाशी अभियान के दौरान वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी. सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी. केरन सेक्टर में यह दूसरी गोलीबारी उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये, मारे गये आतंकवादियों की पुष्टि नहीं की जा सकी है. अभियान अभी जारी है तथा इलाके में कुछ और आतकंवादियों के छिपे होने की आशंका है. अभियान के बारे में सेना या पुलिस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है. पिछले चार दिन में केरन सेक्टर में यह दूसरी गोलीबारी है. इससे पहले 14 जुलाई को तीन आतंकवादी मारे गये थे, जब वे घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे.

नक्सलियों के विस्फोट में दो जवान शहीद

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बुधवार देर रात तर्रेम थाना क्षेत्र के मंडिमरका के जंगलों में नक्सलियों ने आईडीडी विस्फोट किया जिसकी चपेट में आने से दो जवान शहीद हो गए एवं चार घायल हो गए. घायल जवानों का जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है.

खनन माफिया की दंबगई

नायब तहसीलदार, आरआई सहित 3 पटवारी को बनाया बंधक

शिवपुरी/पोहरी, 18 जुलाई. पोहरी थानांतर्गत ग्राम पिपरघार में गांव के दबंग खनन माफिया ने राजस्व अमले के बंधक बनाकर न सिर्फ मारपीट की बल्कि जब्त की गई अवैध खनन कर रही जेसीबी और तीन ट्रैक्टर-ट्रालियों को भी छुड़ाकर ले गए.

इस दौरान माफिया द्वारा सरकारी पंचनामा को फाड़ कर फेंक दिया. माफिया ने राजस्व अमले पर झूठे दुष्कर्म के आरोप में फंसाने और जान से मारकर फेंकने की धमकी भी दी. पीड़ित नायब तहसीलदार का आरोप है कि इतना सब होने के बावजूद पुलिस ने एफआईआर करने में आनाकानी की और जब राजस्व अमला धरना देने पर आमादा हो गया तब कही जाकर आधी रात को पुलिस ने एफआईआर दर्ज की, परंतु उसमें भी उचित धाराएं नहीं लगाईं. इसी से क्षुब्ध होकर राजस्व अमले ने गुरुवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई न किए जाने जाने आंदोलन की चेतावनी दी है. नायब तहसीलदार ने इसकी सूचना पोहरी तहसीलदार निशा भारद्वाज को दी, जिस पर तहसीलदार ने उन्हें कहा कि वह पोहरी थाना प्रभारी बोलकर फोर्स भेज रही हैं. आप चारों वाहनों को जब्त कर लें.

सुप्रीम कोर्ट को मिले दो नये जज

नयी दिल्ली 18 जुलाई (वार्ता) उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह और न्यायमूर्ति आर. महादेवन को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई. इस अवसर पर शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीशों, अनेक वरिष्ठ अधिवक्ताओं समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे. शीर्ष अदालत में न्यायाधीश बनने से पहले न्यायमूर्ति कोटिश्वर जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति महादेवन मद्रास उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश थे.

14 डिब्बे पटरी से उतरे, 4 की मौत

लखनऊ, 18 जुलाई. उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के गोण्डा-गोरखपुर रेल प्रखंड पर मनकापुर रेलवे स्टेशन के पास गुजर रही चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ रेलगाड़ी की तीन बोगियां गुरुवार को अनियंत्रित होकर पलट गयी. हादसे में चार लोगों की मौत की खबर है जबकि 14 लोग जख्मी हो गए हैं.

15904 -चंडीगढ़ एक्सप्रेस चंडीगढ़ से गोरखपुर जा रही थी. हादसा मोतीगंज थाना क्षेत्र के पिकौरा गांव के पास हुआ. पौने तीन बजे दो डिब्बे बेपटरी हुए, उसके बाद 12 और डिब्बे पलट गए. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया है. उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने व घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं.

बिजली गिरने से चार की मौत

एमपी-यूपी समेत कई राज्यों में बारिश जारी

भोपाल, 18 जुलाई. मध्यप्रदेश-यूपी समेत कई राज्यों में भारी बारिश का दौर जारी है. एमपी के मंडला जिले में आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो गई तो वहीं 4 लोग गंभीर रूप से झुलस गए.

इधर उत्तर प्रदेश में नेपाल से सटे 20 जिलों में पिछले 4-5 दिनों से बाढ़ के हालात बने हुए हैं. करीब 20 लाख की आबादी पानी से घिरी हुई है. राज्य में पिछले 24 घंटे में बारिश की वजह से हुई घटनाओं में 10 लोगों की मौत हुई है. वहीं एमपी के मंडला जिले के घुघरी तहसील के अलग स्थानों में बिजली गिरने से बालवती (30) पति मूलचंद निवासी ग्राम हर्रा टीकुर, महिपाल (30) पिता फूल सिंह निवासी ग्राम कोपरिया और महादेव (38) पिता भूपत निवासी ग्राम गढ़ी की मौत हुई है वहीं

वहीं ग्राम पलेहरा के उमेश्वर (45) पिता राम भगत और पारस धुर्वे (50) पिता वरतू एवं ग्राम गढ़ी के अजब लाल (40) पिता भाग दास और कन्हैया (47) पिता धन्ना लाल घायल हुए हैं. साथ ही नैनपुर तहसील के ग्राम मलधा में आकाशीय बिजली की चपेट में आ जाने से घनश्याम (42) पिता घुरका की मौत हुई है. मंडला के आरटीओ ऑफिस में भी बिजली गिरी.

कुछ इंसान सुपरमैन बनाना चाहते हैं

नई दिल्ली, 18 जुलाई. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने ग्रामीण स्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विकास के विषय में समझाया और कहा कि कुछ इंसान सुपरमैन बनाना चाहते हैं.

झारखंड के बिशुनपुर में उन्होंने कहा, आगे बढ़ने का अंत नहीं है. विकास एक ऐसी चीज है. लेकिन मनुष्य वहां (विकास) पर पहुंच जाता है, लेकिन उसके पास मानवता नहीं है, तो ऐसे में उसे पहले असली मनुष्य बनना चाहिए. वहां (ऊंचाई) जाने पर वह सुपरमैन बनना चाहता है. भागवत आगे बोले, सुपरमैन बनने के बाद मनुष्य वहां रुकता नहीं है, उसे लगता है कि देव बनना चाहिए, तो वह देवता बनना चाहता है, लेकिन देवता कहते हैं कि भगवान तो हमसे बड़ा है तो वह भगवान बनना चाहता है. पर भगवान कहते हैं कि मैं तो विश्वरूप हूं. अभी तो मैं एक रूप में दिख रहा हूं, लेकिन मेरा विश्व में व्याप्त बिना आकार का रूप है. इससे कह सकते हैं कि विकास का कोई अंत नहीं है.

झारखंड में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बोले

भगवान कहते हैं कि मैं तो विश्वरूप हूं

मोहन भागवत का बयान सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर चर्चा छिड़ गई है. कांग्रेस समेत कुछ लोग इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईश्वरीय शक्ति वाले बयान से जोड़ रहे हैं. कई लोगों ने सवाल किया कि मोहन भागवत यह किसके लिए कह रहे हैं. कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रितु चौधरी ने एक्स पर लिखा, यहां मोहन भागवत जी किसको ट्रॉल कर रहे? कहीं वो हमारे नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री जी तो नहीं हैं?

आंतरिक विरोध | उप्र में सरकार व संगठन के बीच समन्वय बैठाने में जुटे केन्द्रीय नेता

सीएम योगी के खिलाफ लामबंद नेताओं को समझाईश

प्रवेश कुमार मिश्र

नई दिल्ली, 18 जुलाई. लोकसभा चुनाव में उत्तरप्रदेश से अपेक्षित सफलता नहीं मिलने के बाद से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ कथित तौर पर प्रदेश भाजपा संगठन व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मोर्या द्वारा आरंभ किया गया आंतरिक विरोध व शीतयुद्ध पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है.

पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की ओर से मामले को सुलझाने का कथित तौर पर दावा किया जा रहा है लेकिन आंतरिक कौतूहल व खेमेबाजी का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है. संगठन बड़ी है या सरकार बड़ी इस सियासी लड़ाई में फंसी उत्तर प्रदेश की राजनीति ने एक बार फिर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह व मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर के दौर की याद को ताजा कर दिया है. वर्षों पूर्व दोनों राज्यों में मुख्यमंत्री के खिलाफ संगठन की ओर से विरोध का बिगुल फूंका गया था और अंत में संगठन की जीत हुई थी और दोनों मुख्यमंत्रियों को

कालक्रम के अनुसार दूसरे वरिष्ठ नेताओं को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंपनी पड़ी थी. इसी तरह से उत्तर प्रदेश में एकबार फिर इतिहास दुहराने का कथित प्रयास हो रहा है. कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ संगठन के साथ-साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मोर्या व कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने बगावत का बिगुल फूंक दिया था.

सूत्रों की मानें तो विरोध की गंभीरता को भांपते हुए पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह ने फिलहाल केशव प्रसाद मोर्या को खुलेआम कुछ नहीं बोलने की हिदायत देते हुए मामले को शांत करने का प्रयास किया है. लेकिन अभी भी मामला एकदम शांत नहीं हुआ है. इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार पर बातचीत करते हुए संगठन प्रमुख के पद पर होने के नाते प्रदेश में हार की नैतिक जिम्मेदारी भी ली. वृहस्पतिवार को शाम में प्रदेश के कुछ चुने हुए प्रतिनिधियों से प्रधानमंत्री मोदी पार्टी के केन्द्रीय मुख्यालय में मुलाकात कर भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट होकर लड़ने की सीख देंगे. (शेष पेज 12 पर)

100 लाओ, सरकार बनाओ

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश का ऑफर

लखनऊ, 18 जुलाई. उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के अंदरूनी संघर्ष के बीच समाजवादी पार्टी सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक नया मानसून ऑफर दिया है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया - 100 लाओ, सरकार बनाओ! यह बयान यूपी बीजेपी में चल रहे अंदरूनी तनाव के बीच आया है.

लोकसभा चुनावों के परिणामों के बाद उत्तर प्रदेश बीजेपी में अंदरूनी खींचतान सामने आ रही है. इस मुद्दे पर लखनऊ से दिल्ली तक कई बैठकें चल रही हैं. इस खींचतान के बीच अखिलेश यादव ने बीजेपी के खिलाफ यह बड़ा बयान दिया है. अखिलेश यादव ने इससे पहले भी केशव प्रसाद मौर्य को इस तरह का ऑफर दिया था.

जब भी केशव मौर्य अपनी पार्टी से नाराज होते हैं, अखिलेश उन्हें सरकार बनाने का ऑफर देते हैं. 2022 में भी अखिलेश ने कहा था कि यदि मौर्य 100 विधायकों के साथ आ जाएं, तो समाजवादी पार्टी उन्हें सरकार बनाने में समर्थन देगी. उत्तर प्रदेश में सरकार में खींचतान के बीच उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य बुधवार रात को दिल्ली से लौट आए.